आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 20.07.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सशस्त्र बलों और भारतीय तटरक्षक बल के सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मियों को चौरानबे विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान किए।
- सरकार अगले सप्ताह से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में आपदा प्रबंधन अधिनियम में संशोधन सहित छह नए विधेयक पेश करेगी।
- सांसद विष्णु पद रे ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ कल उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी से मुलाकात कर विभिन्न विकासीय मुद्दों पर चर्चा की।
- जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में इलेक्ट्रिकल, कम्प्यूटर और केमिकल साइंस पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।
- आज अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस मनाया जा रहा है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल सशस्त्र बलों और भारतीय तटरक्षक बल के सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मियों को चौरानबे विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने इकत्तीस परम विशिष्ट सेवा पदक, चार उत्तम युद्ध सेवा पदक, बार टू अति विशिष्ट सेवा पदक और सत्तावन अति विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किये। राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में रक्षा अलंकरण समारोह–दो हजार चौबीस के दूसरे चरण में यह पुरस्कार प्रदान किये। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना मौजूद थे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के आगामी संस्करण के लिए मिले सुझावों पर प्रसन्नता व्यक्त की है। यह कार्यक्रम इस महीने की अट्ठाईस तारीख को प्रसारित होने वाला है। कल एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि उन्हें आगामी मन की बात कार्यक्रम के लिए कई सुझाव मिल रहे हैं।

<><><><><><><>

सरकार अगले सप्ताह से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में आपदा प्रबंधन अधिनियम में संशोधन सहित छह नए विधेयक पेश करेगी। लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी संसद बुलेटिन में विधेयकों की सूची प्रकाशित की गई है। सरकार ने वित्त विधेयक के अलावा नागरिक उड्डयन क्षेत्र में व्यापार करना सुगम बनाने के उद्देश्य से उन्नीस सौ चौंतीस के विमान अधिनियम को बदलने के लिए भारतीय वायुयान विधेयक दो हजार चौबीस को भी सूचीबद्ध किया है। संसद का मानसून सत्र बाईस जुलाई से बारह अगस्त तक चलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण तेईस जुलाई को संसद में केंद्रीय बजट पेश करेंगी।

<><><><><><><>

सांसद विष्णु पद रे और उनके प्रतिनिधिमंडल ने कल उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी से राज निवास में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान अण्डमान निकोबार द्वीप विकास एजेंसी के तहत चल रहे पर्यटन परियोजनाओं और विभिन्न विकासीय मुद्दों पर चर्चा की गई।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की ओर से द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में आंगनवाड़ी व क्रेच चलाया जा रहा है। कर्मशील महिलाओं के समक्ष बच्चों को पालने की चुनौतियों के मद्देनजर और उन्हें बाल देखभाल के लिए सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से ऐसे केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। इन केन्द्रों में खेलकूद की सामग्रियों के साथ पढ़ने–लिखने और भोजन की भी

व्यवस्था की गई है। छः वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों के इच्छुक अभिभावक ब्रिचगंज नम्बर तीन, चक्करगांव, स्कूल लाईन एक, सूर्यचक बम्बूफ्लाट, मायाबंदर जेट्टी सेक्टर छः, लटाओ सेक्टर छः और डिगलीपुर सेक्टर दो मे संचालित इन केन्द्रों के लिए अपने बच्चों के नाम दर्ज करा सकते हैं। फरारगंज, रंगत और डिगलीपुर के सीडीपीओ से इस बारे में संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में कल से इलेक्ट्रिकल, कम्प्यूटर और केमिकल साइंस पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। शिक्षा सचिव एल. कुमार ने इसका उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस तरह का सम्मेलन विचारों का आदान–प्रदान करने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराता है, जहां शोध और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होती है। उन्होंने इसके सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। सम्माननीय अतिथि भारतीय वनस्पति विज्ञान के क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. लाल जी सिंह ने कहा कि इस द्वीपसमूह की पहचान न सिर्फ इसके भौगोलिक संरचनाओं से है, बल्कि यहां की जैव विविधता भी इसकी पहचान है। उन्होंने कहा कि बहुआयामी शोध से वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने में सहयोग मिलेगा। जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच. के. शर्मा ने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य हमारे विद्यार्थियों में जिज्ञासा उत्पन्न करना है। हम ऐसे भारत का निर्माण कर सके, जहां प्रौद्योगिकी सभी के लिए आसान हो सके। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के रज्जू भईया संस्थान के निदेशक प्रोफेसर प्रमोद कुमार यादव के अलावा डॉ. मिथिलेश यादव ने भी अपने विचार रखे। सम्मेलन के सह–संयोजक और जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के डॉ. कंडीमुत्थु ने अपने संबोधन में कहा कि आज विश्व भारत की ओर देख रहा है, जो विकसित भारत बनने की दिशा में अग्रसर है।

<><><><><><><>

आज अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष विश्व शतरंज महासंघ–फिडे अपना सौवां वर्षगाठ मना रहा है। इस सिलसिले में फिडे चौबीस घंटे के भीतर खेले गए सबसे

अधिक खेलों का गिरीज वर्ल्ड रिकार्ड बनाने का प्रयास करेगा। अण्डमान निकोबार चेस एसोसिएशन भी इस आयोजन में भाग लेगा। इसका आयोजन आज शाम साढ़े तीन बजे से शाम सात बजे तक पोर्ट ब्लेयर के गर्ल्स स्कूल के सामने मरीना पार्क में होगा। झारखंड के प्रसिद्ध फिडे प्रशिक्षक और शतरंज कोच, अंतरराष्ट्रीय मास्टर नीरज कुमार मिश्रा द्वीपसमूह के उभरते शतरंज खिलाड़ियों के साथ खेलेंगे। इसके लिए पंजीकरण पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी आज दोपहर एक बजे तक अण्डमान निकोबार चेस एसोसिएशन केन्द्र में अपने नाम पंजीकृत करा सकते हैं।

<><><><><><><>

चिन्मय मिशन पोर्ट ब्लेयर में कल गुरू पूर्णिमा के उपलक्ष्य में पूजा अर्चना के कार्यक्रम रखे गए हैं। सुबह दस बजे से हवन, सत्संग और पूजा अर्चना की जाएगी। दोपहर साढ़े बारह बजे प्रसाद का वितरण होगा।

इस बीच श्री साई मंदिर बरगद लाइन में भी कल गुरू पूर्णिमा के अवसर पर पूजा अर्चना के कार्यक्रम आयोजित होंगे। पूजा सुबह नौ बजे आरंभ होगी। सुबह साढ़े ग्यारह बजे आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

<><><><><><><>

लिटिल अण्डमान के हरमिंदर बे में कल से उन्तीस जुलाई तक निशुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के डॉक्टर और पैरा मैडिकल कर्मियों की ओर से यह शिविर लगाया जाएगा।

<><><><><><><>

राज्य आयुष सोसाइटी में जीडीएमओ आयुर्वेद होमियो तथा सीएचओ होमियो और वित्त परामर्श के पद के लिए साक्षात्कार अब इक्कतीस जुलाई को दिन में दस बजे से स्वास्थ्य आयुक्त के कक्ष में लिया जाएगा। अन्य पदों के साक्षात्कार के समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

<><><><><><><>